संख्या–वे0आ0–2–1118/दस–54(एम)/2008टी0सी0

प्रेषक,

अजय अग्रवाल,
विशेष सचिव, वित्त,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 होमगार्ड विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग–2 लखनऊ : दिनांक : 05 अगस्त, 2011

विषय:– वेतन समिति (2008) के दसवें प्रतिवेदन (भाग–3) उ0प्र0 होमगार्डस विभाग के सम्बन्ध में की गयी विस्तृत संस्तुतियों पर लिये गये निर्णयों के कार्यान्वयन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है वेतन समिति द्वारा उ0प्र0 होमगार्डस विभाग के सम्बन्ध में दसवें प्रतिवेदन (भाग–3) में दी गयीं संस्तुतियों पर निम्न निर्णय लिये गये हैं :––

(1) होमगार्ड्स विभाग में वैतनिक कम्पनी कमाण्डर के पद पर वर्तमान वेतनमान रू0 5000–8000 के स्थान पर वेतनमान रू0 6500–10500 के सादृश्य वेतन बैण्ड–2 (रू0 9300–34800), ग्रेड वेतन रू0 4600/– तत्काल प्रभाव से अनुमन्य किया जाये।

(2) होमगार्ड्स विभाग में वैतनिक प्लाटून कमाण्डर के पद पर वर्तमान वेतनमान रू0 4500–7000 के स्थान पर वेतनमान रू0 5000–8000 के सादृश्य वेतन बैण्ड–2 (रू0 9300–34800), ग्रेड वेतन रू0 4200/– तत्काल प्रभाव से अनुमन्य किया जाये।

(3) होमगार्ड्स विभाग के ब्लाक आर्गनाइजर के पद पर वर्तमान वेतनमान रू0 3200–4900 के स्थान पर वेतनमान रू0 4500–7000 के सादृश्य वेतन बैण्ड–1 (रू0 5200–20200), ग्रेड वेतन रू0 2800/– तत्काल प्रभाव से अनुमन्य किया जाये।

(4) वर्तमान में ब्लाक आर्गनाइजर के पद पर 50 प्रतिशत सीधी भर्ती तथा 50 प्रतिशत हवलदार प्रशिक्षक संवर्ग से पदोन्नति की व्यवस्था है। भविष्य में ब्लाक आर्गनाइजर के पद पर 75 प्रतिशत सीधी भर्ती तथा 25 प्रतिशत पद हवलदार प्रशिक्षक से पदोन्नति द्वारा भरा जाये।

(5) हवलदार प्रशिक्षक के पदों पर पुलिस कांस्टेबिल के समान वेतन बैण्ड–1 (रू0 5200–20200), ग्रेड वेतन रू0 2000/– तत्काल प्रभाव से अनुमन्य किया जाये।

(6) होमगार्ड्स विभाग में स्वतन्त्र प्रशिक्षण संवर्ग का गठन किये जाने के सम्बन्ध में शासन स्तर पर सम्यक् विचारोपरान्त निर्णय लिया जाय।

(7) क्वार्टर गार्ड नायक 02 पद, क्वार्टर गार्ड लान्स नायक 02 पद तथा क्वार्टर गार्ड होमगार्ड के 07 पद वेतनमान रू0 2750–4400 के पदों को संविलीन कर पदनाम क्वार्टर गार्ड होमागार्ड किया जाये। क्वार्टर गार्ड होमगार्ड के पद पर वर्तमान वेतनमान रू0 2750–4400 के स्थान पर रू0 3050–4590 के सादृश्य वेतन बैण्ड–1 (रू0 5200–20200), ग्रेड वेतन रू0 1900/– तत्काल प्रभाव से अनुमन्य किया जाये।

(8) होमगार्ड्स विभाग के मोटर मैकेनिक के पद पर वर्तमान वेतनमान रू0 3200–4900 के स्थान पर रू0 5000–8000 के सादृश्य वेतन बैण्ड–2 (रू0 9300–34800) व ग्रेड वेतन रू0 4200/– तत्काल प्रभाव से अनुमन्य किया जाये। मोटर मैकेनिक के वर्तमान पदनाम को संशोधित कर अवर अभियन्ता (मोटर अनुरक्षण) किया जाय।

(9) सामान्य श्रेणी के पदों यथा चतुर्थ श्रेणी, वाहन चालक, कनिष्ठ वर्ग के प्राविधिक पद, लिपिक श्रेणी आदि के सम्बन्ध में सामान्य कोटि के पदों/संवर्गों के सम्बन्ध में संस्तुतियॉ अलग से दी जा चुकी हैं। सिंचाई विभाग के सामान्य श्रेणी के पदों के सम्बन्ध में भी तदनुसार कार्यवाही की जाये।

(10) होमगार्ड्स विभाग के अन्य किसी पद/संवर्ग की वेतनमान विसंगति का मामला समिति के संज्ञान में नहीं है।

2– कृपया उपर्युक्त निर्णय के कार्यान्वयन हेतु आवश्यक शासनादेश वित्त विभाग की सहमति से निर्गत करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(अजय अग्रवाल)
विशेष सचिव।

संख्या–वे0आ0–2–1118(1)/दस–54(एम)/2008टी0सी0, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

(1) वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग–1
(2) कार्मिक नियमावली सेल, उत्तर प्रदेश सचिवालय।
(3) निदेशक, एन0आई0सी0, छठा तल, योजना भवन, लखनऊ को शासनादेश वित्त विभाग की वेब साइट पर डाले जाने हेतु।

आज्ञा से,

(नरेन्द्र कुमार)
संयुक्त सचिव।